SHRI ARVIND GANESH KULKARNI; A point of order, Sir, I am finishing within a minute. I do not want more time. Hoi?, friend, Mr. Sibte Razi said...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Kulkarni, I think you need not reply to what he said.

SHRI ARVIND GANESH KULKARNI: I am not going into the merits. Pl'aase allow me I am not going into the merits at all.

SHRI PILOO MODY; You should have stopped him from making that argument *(Interruptions).*

SHRI ARVIND GANESH KULKARNI: Please allow me, Sir, a minute. Mr. Sibte Razi has made some observations. Under rule 312A of the Rules of Procedure in Lok Sabha, this Committee has been formed. My question to Mr. Sibte Razi is this. He is an hon. Member of this House. Last time also you said this. The rights and privileges of the Members of this House, as we say, are equal as per the records of the Rajya Sabha proceedings. You said that we had no privilege. So, I want to know this. Today also you are quoting these Rules. Do you mean to say that Rajya Sabha Members are associate Members and that they have no rights or do you agree that they have rights? What is your view, the ruling party's view?

SHRI SYED SIBTE RAZI: I may be permitted to reply to him because he has referred my name. I never mentioned that...

SHRI DINESH GOSWAMI: Are you permitting a discussion on this?

श्री उपसभापति : आप लोगों में से जब बोलने लगते हैं तब आप कुछ नहीं कहते ? अगर बोलने देंगे तब भी आरोप लगाएंगे, नहीं बोलने देंगे तब भी आरोप लगाएंगे ।

SHRI DINESH GOSWAMI; I am not making a submission on this. I have written three letters to Mr. Chairman about the rights and privileges of this House. I submit that till Mr. Chairman gives a ruling you should not permit a discussion. If you permit a discussion, in that case, we should also be allowed to put our views.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I am not permitting discussion.

SHRI DINESH GOSWAMI: Let nothing go on record. If something goes on record, permit us also to put our views. *(Interruptions)*

SHRI HANSRAJ BHARDWAJ (Madhya Pradesh): This is very important. After the ruling of the Chairman, it has been held that this Committee was constituted by the Lok Sabha, and the Lok Sabha is the forum for discussing it. They are not satisfied with the Speaker's ruling. They should understand it. There is no question of raising it here. That Committee is there.

## CALLING ATTENTION TO A MATTER OF URGENT PUBLIC IMPORTANCE

### Severe drought conditions in various parts of the country particularly in the Northern Region.

श्री रामेश्वर सिंह (उत्तर प्रदेश) : श्रीमन, मैं देश के विभिन्न भागों में विशेषकर उत्तरी क्षेत्र में, भारी सूखे की स्थिति तथा इस बारे में सरकार द्वारा उठाये गये कदमों की ओर कृषि तथा ग्रामीण विकास और नागरिक पूर्ति मंत्री का ध्यान दिलाता हूं ।

THE MINISTER OF AGRICULTURE AND RURAL DEVELOPMENT AND CIVIL SUPPLIES (RAO BIRENDRA SINGH): Sir, this year the monsoon set in over Trivandrum on May 30th i.e. two days earlier tha»

[Ra0 Birendra Singh] its normal date. Its further advance to South Konkan and Central Peninsula was also nearly normal. But, the advent of the monsoon over Bombay region was delayed by a week and it reached there on June, 17th. On that day, the northern limit of the monsoon extended through Nagpur, Ambikapur, Dehri and Raxaul. Thus, the arrival of the monsoon over Central and Eastern India was also delayed by 7-8 days. There was no further progress of the monsoon after the 17th June until the 5th July when the monsoon advanced as a feeble current into south Gujarat up-to Surat. This current covered North-West Madhya Pradesh, Uttar Pradesh and Delhi by the 14th July, Haryana by the 15th July and Himachal Pradesh on the 16th July- Onset of monsoon is likely to cover the rest ^f the country by the en,j of the next week.

During the period from the 1st June to the 30th June, the I.M.D, indicated that while 16 out of 35 Sub-Divisions were having normal or excess rainfall, 19 sub-Divisions were having deficient or scanty rainfall. The position deteriorated subsequently. Upto the 14th July, 25 sub-Divisions had deficient raifall while only 9 sub-Divisions had normal rainfall. The deficiencie3 in rainfall in different parte of the country ranged from 41 per cent to ®2 per cent. The State-wise number of districts having deficient or scanty rainfall is as under:

| State | Number of Districts with deficient/ scanty rain |
|---|---|
| 1. Gujarat | 12 out of 20 |
| 2. Rajasthan | 24 out of 26 |
| 3. Punjab | 11 out of 12 |
| 4. Haryana | 8 out of 12 |
| 5. West Bengal | 13 out of 16 |
| 6. Uttar Pradesh | 42 out of 54 |
| 7. Madhya Pradesh | 39 out of 45 |
| 8. Maharashtra | 18 out of 27 |
| 9. Bihar | 19 out of 31 |

According to the forecast of th< India. Meteorological Department, th< synoptic features indicate encouraging eigns for the next few days. A deei depression lay at mid-day of the 19tl July abou't 75 km south-east of Puri It is likely to move in a west-north westerly direction and was likely tc cross Orissa coast by evening yeter-day. Under its influence, good rainfall activity with jso'ate^ heavy to very heavy fal!s is expected over Orissa, North Andhra Pradesh, Madhya Pradesh, Maharashtra, South Uttar Pradesh, South Bihar and parts of Peninsular India,

The Department of Agriculture started since early May, a contingency P'ln on drought. The State Governments and the various Departments Of Government of India were given detailed guidelines and requested to take appropriate steps to keep the situation continuous'y under wa'ch and to see that timely action is taken for helping the farmers in combating any situation of adverse weath°r conditions and to provide the rural population with employment, income, cattle feed and drinking water wherever the need arises. Specific action points in agricultural programme were identified and communicated for being taken care of at the State District and Block levels. The Prime Minister's Twelve Point Programme for drought management which was the basig of combating the drought of* 1980, hasi also been brought to the notice of the State Governments for meeting! the drought situation this year. The Banking Sector has also" been requested tO assist the farmers in tihe drought affected areas. Similarly, Ministry of Irrigation also issued instructions to the State Gov-ernments in the North Western region, Maharashtra an^ Madhya Pradesh requesting them to make the most optimum use of the available irrigation water in the reservoirs for crop production purposes.

An Inter-Ministerial Coordination Committee on Disaster Management in the Ministry of Agriculture reviewed

on the 9th June, 1982 the monsoon situation and the contingency plans for the kharif season. Area officers have been designated to visit the States and review Contingency Plans for drought management. Weekly meetings are being taken by the Cabinet Secretary to assess the developing situation and take timely action. A number of issues concerning various Ministries relating to provision of seeds of short duration varieties, provision of loans, fertilisers, optimum use of water in the irrigation systems, priority for supplying power and diesel for agricultural ^Operations, provision of drinking water etc. are constantly under review.

The States have got margin money to meet any emergent expenditure on account of natural calamities like drought. Besides, the Government of India have released short-term loans of Rs. 103.50 crores to the States for purchase and distribution of agricultural inputs to farmers. Besides, under the Accelerated Rural Water Supply Programme, Government have released a sum of Rs. 60.42 crores for the first two quarters of; the current year. States have got as on 1st April, 1982 unspent balance of Rs. 165.62 crores from previous years under the National Rural Employment Programme. In addition, further allocation of Rs. 90.34 crores has been made to the States during the current financial year. They have been advised to concentrate on the execution of NREP works, without deviating from the programme guidelines in the areas which are affected by drought conditions.

My Ministry is sending joint teams of officers drawn from Ministries of Agriculture, Irrigation and Energy (Rural Electrification Corporation) to visit the States where rainfall has been deficient to make an assessment of the situation and to impress on the State Governments to ensure supply of electricity, diesel and other agricultural inputs so that production does not suffer.

It is unfortunate that having achieved a record level of foodgrains production and record level of food-grains procurement in spite of adverse weather conditions during 1981-82, this year we are faced with delayed and weak monsoon. Though it is too early to assess the behaviour of the monsoon during the remaining months of ................Kharif, yet the House will agree that both the Central and the State Governments have been taking timely action right from May this year. I can assure the House that the Government will take all necessary measures to ensure that the fanners are assisted to the maximum possible extent through the provisions of loans, seeds, fertilisers, irrigation, water, electricity and diesel. I am sure, our farmers will meet the challenge as they have been doing with so much courage and perseverance in the past also.

SHRI PILOO MODY (Gujarat): Mr. Deputy Chairman, I would like to know why in Indira's year of productivity, Lord Indira has failed India

**श्री रामेश्वर सिंह** : उपसभापति महोदय, इस समय जो सूखे से स्थिति उत्पन्न हुई है और माननीय मंत्री जी ने जो बयान दिया है, मैं समझता हूं कि उस को देखते हुए वह पूरा नहीं है। मैं सरकार का ध्यान इन सारी परिस्थितियों की तरफ दिलाना चाहता हूं आज देश को करीब-करीब आजाद हुए 32 वर्ष हो गये (**व्यवधान**) ऊपर हो गये हैं। आप 34 वर्ष कह लो। लेकिन घबराइये मत। तो जैसा कि कल्पनाथ जी कह रहे थे वही हम मान लेते हैं तो भी इस बीच में यह सरकार सूखे से निपटने के लिए कोई माकूल इंतजाम नहीं कर पायी है। मैं नहीं चाहता कि इस सवाल पर कोई कटुता का वातावरण पैदा हो और सेंपैथीटिकली और गंभीरता से इस प्रश्न पर विचार होना चाहिए क्योंकि यह कोई मामूली सवाल नहीं है। हमारा देश कृषि प्रधान

[श्री रामेश्वर सिंह]

देश है। इस में 80 प्रतिशत लोग गांवों में रहते हैं जिन का जीवन खेती पर निर्भर करता है और खेती ही उन का मुख्य जीवनोपार्जन का साधन है और इसलिए मैं सरकारी पक्ष के लोगों से नम्रता से कहना चाहूंगा कि वे हमारी बात को तसल्ली से सुनने की कोशिश करें।

मैं सरकार का ध्यान कुछ ऐसे सवालों पर ले जाना चाहता हूं कि जो प्रमुख हैं। क्या कारण है कि इतने दिनों के अंदर देश इस संबंध में आत्म-निर्भर नहीं बन पाया। मैं कुछ आंकड़े आप के सामने रखना चाहता हूं। लेकिन आंकड़ों की भरमार हो जायेगी। इसलिए मैं सरसरी तौर पर आंकड़े की तरफ इस लिए ध्यान दिलाना चाहता हूं कि इतने दिन की आजादी के बाद भी देश में अगर देखा जाये तो हर साल सूखा पड़ता है और लगातार पांचवां साल है कि राजस्थान में सूखा पड़ रहा है। वहां सूखे से क्या स्थिति बनी होगी इस का आप खुद अंदाजा लगा सकते हैं।

हम यहां संसद सदस्य शीत-ताप नियंत्रित हाल में बैठे हुए हैं, हमको अहसास नहीं हो रहा है कि हमारे यहां किसानों पर क्या मुसीबत है। . . .

**संसदीय कार्य विभाग में उपमंत्री (श्री कल्पनाथ राय)** : क्यों नहीं ? . . . **(व्यवधान)**

**श्री रामेश्वर सिंह** : कल्पनाथ राय जी को शायद हो रहा होगा क्योंकि इनका शरीर दिन दूना रात चौगना बढ़ रहा है, शायद इनको अहसास होता हो, लेकिन फिर भी हम कहते हैं कि कल्पनाथ जी हमसे छेड़खानी करने की कोशिश मत करो। मैं चाहता हूं कि आप देश के किसानों के लिए ऐसा रास्ता निकालें और तीन चीजों से निपटने के लिए सरकार कारगर योजना बनाये जिनके मातहत तीनों चीजों का समाधान ढूंढ़ा जा सके। जब कोई विपदा आती है, साइक्लोन आता है, बाढ़ आती है या सूखा पड़ता है तो इस सूखे की समस्या पर आप ऐसे समय में कदम उठाने जा रहे हैं जब कि सूखा पड़ा हो। यह कदम आपको पहले उठाना चाहिए था, सूखे से पहले। योजनाबद्ध तरीके से आपको इस काम को हल करने का रास्ता निकालना चाहिए था।

श्रीमन्, कृषि मंत्री जी अगर अपने आंकड़े उठाकर देखें, मैं आंकड़ों में नहीं जाना चाहता, एक-एक आंकड़ा आप कहेंगे तो मैं लाया हूं, अलग-अलग पढ़कर आपको सुनाऊंगा। लेकिन मैं आंकड़ों में नहीं जाना चाहता। मैं आखिर में आपके सामने रख दूंगा। . . . **(व्यवधान)**

आपको घबराने की जरूरत नहीं रामानन्द जी, मैं तारीफ करने के लिए आपके सामने आंकड़े नहीं रखूंगा लेकिन मैं तथ्यों पर जा रहा हूं। आपने जो योजनाएं बनाई, प्रथम पंचवर्षीय योजना में आपने सूखे की समस्या का समाधान निकालने की कोशिश नहीं की, बाढ़ की समस्या का समाधान निकालने की कोशिश नहीं की। इस वक्त जब सूखा पड़ गया है आप पैसे निकाल कर देते हैं। मान लीजिए, आप पैसे देते हैं तो उस पैसे का क्या होता है। इस वक्त पर तत्काल पैसा भेजेंगे तो यहां से पैसा जाते-जाते अफसरों के पास, बी० डी० ओ० के पास पहुंचते-पहुंचते यह पैसा यह तो दस दिन में पहुंचेगा या 15 दिन में पहुंचेगा और अगर तत्काल काम शुरू हो जाए तो उसका परिणाम यह होता

है कि ठेकेदार और अफसर मिलकर सारा पसा खा जाते हैं। इसका परिणाम देश की जनता और किसानों को भुगतना पड़ता है। इस ओर सरकार का ध्यान जाना चाहिए। . . . (व्यवधान)

श्रीमन्, मैं भी किसानों का बेटा हूं। हमारे पास भी जमीन है, हमारे घर में खेती होती है। जो स्थिति आज है, किसान बीज डालता है, चैत का महीना जब खत्म होता है तो किसान अपने गल्ले को निकालने के बाद तैयारी करता है, आषाढ़ की खेती करने का। लेकिन इस साल आप देखिए इस वक्त भी खलिहान में और खेत में गल्ला पड़ा हुआ है। मैं अभी पंजाब के इलाके में गया था, हरियाणा के इलाके में हमको घूमने का मौका मिला है, आज भी बहुत से खेतों में गेहूं का पौधा सड़ा हुआ है। . . .

**श्री नरेन्द्र सिंह** (उत्तर प्रदेश) : अब नहीं है।... (व्यवधान)

**श्री रामेश्वर सिंह** : पड़ा-पड़ा वह सड़ गया, यह कहने का मेरा मतलब नहीं है। आप इसको समझ नहीं पा रहे हैं तो मुझे अफसोस है। आज भी खेतों में पड़ा हुआ है, पौधा आज भी सड़ा हुआ है। . . . (व्यवधान)

**श्री रामानन्द यादव** (बिहार) : किस चीज का पौधा सड़ रहा है।

**श्री रामेश्वर सिंह** : जो गेंहू कटा मई में और जून में पहली बारिश होने के कारण फसल खेत और खलिहान में रह गई। जब उससे निकलने की कोशिश ही तो है। किसान ने सोचा कि अब हम खरीफ की फसल तैयार करेंगे तो बारिश होने पर किसानों ने बहुत से खेतों में बीज डाल दिया, चाहे धान का बीज हो चाहे मकई का हो। बीज पड़ गया और परिणाम यह होता है कि सूखे की वजह से वह पौधा नहीं निकल पाया और खेतों में ही बीज जमीन के अन्दर सड़कर खराब हो गया।... (व्यवधान)

**श्री रामानन्द यादव** : मैं रामेश्वर सिंह जी से क्लेरिफिकेशन चाहता हूं। इन्होंने कहा है कि मक्का का बीज पड़ता है। मैं पूछना चाहता हूं कि क्या मक्का का बीज होता है ? (व्यवधान)

**श्री रामेश्वर सिंह** : क्या मक्का का बीज नहीं होता। (व्यवधान) श्रीमन् इनके यहां मक्का का बीज नहीं होता। इनके यहां तो मक्का ही नहीं होती। यह हमको बेवकूफ बनाने की कोशिश कर रहे हैं। मैं चाहता हूं ये लोग पांच मिनट हमारी बात सुन लें। मैं उन्हीं के हित की बात कह रहा हूं एक महीने पहले किसानों ने बीज डाला। आप जाकर देख लें बंगाल में, राजस्थान में कि वहां इसकी क्या हालत है। अभी मंत्री जी ने पढ़ कर सुनाया कि ये-ये राज्य ये-ये जिले अफेक्टिड हुए हैं।

**श्री कल्पनाथ राय** : पूर्वी उत्तर प्रदेश . . .

**श्री रामेश्वर सिंह** : मंत्री जी ने जो अपनी रिपोर्ट में कहा है पूर्वी उत्तर प्रदेश इसी बीच में आ जाता है। जब बंगाल में सूखा है, बिहार में सूखा है तो पूर्वी उत्तर प्रदेश और पश्चिमी उत्तर प्रदेश, पंजाब और हरियाणा सभी में सूखा है। सारे राज्य सूखे से ग्रसित हैं। अगर माकूल व्यवस्था हुई होती तो आज हमें इस चीज का सामना न करना पड़ता मैं आपको बताना चाहता हूं कि पहले देश के अंदर बड़ी-बड़ी स्कीमें बना ली होती, बड़ी-बड़ी योजनाएं बना ली होती, बड़ी-बड़ी फैक्टरियां न बनाई होती, बड़े-बड़े कारखाने न बनाए होते, देश के बड़े-बड़े पूंजीपतियों के हाथ में, बड़े-

[श्री रामेश्वर सिंह]

बड़े 13-14 घरानों के हाथ में देश का पैसा न दिया होता, एशियाई गेम्स न हुए होते और इस दौलत को आप के जमीन के लिए किसानों को दिये होते तो आज हमें इस सूखे का मुकाबला न करना पड़ता। चीन का रिकार्ड मैंने आज उठा कर देखा है। मुझे पता लगा है कि चीन को आजादी हम से बाद में मिली और वह आज इस मामले में आत्मनिर्भर हो गया है। चीन में सूखे का सवाल पैदा नहीं होता। आज उसने सूखे की समस्या का समाधान निकाल लिया है। बाढ़ की समस्या का समाधान निकाल लिया है। इंडस्ट्रियल डवलेपमेंट की तरफ उनके कदम आगे बढ़ रहे हैं। आप भी एक किसान के बेटे हैं। आपके यहां भी खेती होती है। आज चेम्बर में आप इस बात को कह रहे थे कि हमारी तरफ रात को महिलाएं नंगी होकर हल चलाती हैं ताकि इन्द्र देवता खुश हों और बारिश हो जाए। मैं कहना चाहता हूं कि हर मंत्री नंगा होकर अपने यहां हल चलाए ताकि इन्द्र देवता खुश हों और बारिश हो जाए। मैं जानता हूं कल्पनाथ राय जी ऐसा करने के लिए तैयार नहीं हैं। यह तो मैंने मजाक में बात कही है। (व्यवधान) मजाक ही नहीं यह प्रेक्टीकल है, सही है।

राव बीरेन्द्र सिंह : पहले आप शुरू करें फिर बाद में हम करेंगे।

श्री रामेश्वर सिंह : हमारी तरफ औरतें कह रही हैं। मंत्री लोग भी इस बात को माने ताकि इन्द्र देवता खुश हों। जो सवाल मैं आपके सामने कृषि मंत्री से पूछना चाहता हूं वह यह है कि अगर मुल्क को इस रास्ते पर ले गये होते, बड़ी-बड़ी योजनाएं बनाई होती, बड़े-बड़े बंद मुट्ठी भर लोगों को, बिरला जैसे को देश की दौलत न दी होती तो क्या आज देश को इस स्थिति का सामना करना पड़ता? बिरला के पास जो दौलत 20 साल पहले थी आज उससे हजारों गुना दौलत उसके पास है।

श्री उपसभापति : आप सवाल पूछिए।

श्री रामेश्वर सिंह : मैं सवाल ही पूछ रहा हूं। मेरा पहला सवाल यह है कि आपको कोई ऐसी योजना बनानी चाहिए थी जिस योजना के मातहत इस काम को किया गया होता। यह काम आपने नहीं किया जिसके परिणामस्वरूप मुल्क आज सूखे की महामारी से परेशान है। आज किसानों की क्या हालत है इसका मैं थोड़ा जिक्र करना चाहता हूं। किसान ने बीज डालने के बाद अपने बरतन बेचने शुरू कर दिये। कल हमारे पास मिर्जापुर जिले से एक चिट्ठी आई। घोडावल से भी बहुत से किसानों ने मेरे पास चिट्ठी भेजी है मैंने पिछली बार भी आप से कहा था और सरकार से मांग की थी... (व्यवधान)

श्री रामानन्द यादव : इनको चिट्ठी पढ़ने को कह दीजिए।

श्री उपसभापति : चिट्ठी पढ़ने का वक्त नहीं है।

श्री रामेश्वर सिंह : ये लोग बहुत बेशर्म हैं। मैं इनकी हालत बता रहा हूं। कल्पनाथ राय जी यहां बैठे हुए हैं इनके परिवार के लोग भूखों मर रहे हैं। ये यहां गुलछर्रे उड़ा रहे हैं। वहां लोग भूखों मर रहे हैं। रामानन्द जी आप छेड़खानी मत करिए। आप अपने परिवार में जाकर देखिए कि क्या उनकी स्थिति है।

उपसभापति महोदय, यह घोडावल ब्लोक मिर्जापुर जिले में है। पिछले साल माननीय प्रधान मंत्री जी वहां गई थीं और उन्होंने कहा था कि यहां पर

विकास का काम होना चाहिए क्योंकि यह पिछड़ा हुआ इलाका है। वहां के लिए एक प्रपोजल भी दिया गया था कि कम से कम 50 गांवों शिवद्वार समेत के लिए पानी की व्यवस्था की जाये। बेलनवकहर योजना से श्री कमलापति त्रिपाठी जी के फार्म के लिए पानी दिया गया जो कि कोपालपुर में है। हमने सोचा कि अगर वहां पर पानी दिया जाता है तो ठीक है क्योंकि देश की पैदावार बढ़ेगी। लेकिन हमारा कहना यह है कि यहां पर जो शिवद्वार समेत 50 गांव हैं, उनको पानी दिया जाये। सोन नदी से भी यहां पर पानी नहीं आ सकता है क्योंकि यह बहुत ऊंचाई पर है और वहां इसके सिवाय पानी देने का कोई उपाय नहीं है।

**श्री उपसभापति** : आप इतने लम्बे सवाल मत उठाइये, जल्दी समाप्त कीजिए।

**श्री रामेश्वर सिंह** : मैं यह कहना चाहता हूं कि यह सरकार किस रास्ते पर चल रही है। मेरा यह कहना है कि बेलनवकहर की लिफट योजना से आप शिवद्वार समेत 50 गांवों को पानी दीजिए। इसके साथ-साथ मैं दो-तीन सवाल और पूछना चाहता हू... (**व्यवधान**) । आप मुझे सवाल करने दीजिए। एक सवाल तो मेरा यह है कि किसानों का बीज खत्म हो चुका है, जमीन सूखी पड़ी हुई है और उनके पास खाने के लिए कुछ नहीं रह गया है। चैत का महीना उनका मारा जा चुका है। आप उनकी सहायता करने के लिए क्या योजना बना रहे हैं? आपने जिन-जिन स्थानों का नाम लिया है उनसे भी ज्यादा तादाद में सूखा पड़ा हुआ है। लेकिन मैं यह मान लेता हूं कि जो इलाके आपने बताये हैं उन्हीं में सूखा पड़ा हुआ है। मैं दूसरा सवाल यह पूछना चाहता हूं कि जिन इलाकों में सूखा पड़ा हुआ है। क्या आप उन इलाकों में बच्चों की फीस माफ करेंगे? अभी हालत यह है कि बच्चे स्कूल छोड़ रहे हैं क्योंकि उनके मां-बाप के पास फीस के लिए पैसे नहीं हैं, खाने को नहीं है। यह ठीक है कि यहां पर श्री कल्पनाथ राय की पत्नी या रामेश्वर सिंह की पत्नी दिल्ली में गुल्लछर्रे उड़ा रही हैं, लेकिन जिन इलाकों में सूखा पड़ा हुआ है, वहां पर मां अपने बच्चे को खाना नहीं दे पा रही है। बच्चे स्कूल छोड़ते जा रहे हैं। वे बच्चे क्रिमिनल्स नहीं बनेंगे तो फिर क्या बनेंगे? ऐसी हालत में क्या आप इन इलाकों में फीस माफ करेंगे? तीसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि चूंकि हम अकाल के बारे में बोलना चाहते हैं इसलिए आप हमें रोकना चाहते हैं... (**समय की घंटी**) । मुझे दो-तीन सवाल और कर लेने दीजिए।

**श्री उपसभापति** : अब बहुत हो गया है। आपको बोलते हुए 15 मिनट हो गये हैं।

**श्री रामेश्वर सिंह** : आप मुझे तंग मत कीजिए। कम से कम दो चार सवाल और कर लेने दीजिए। मेरा दूसरा सवाल यह है कि क्या सरकार कोई ऐसी योजना बनाएगी जिससे बड़ी-बड़ी इंडस्ट्रीज पर और बड़े बड़े घरानों पर अंकुश लगाया जा सके? जैसा मैंने कहा, जिन इलाकों में सूखा पड़ा हुआ है उन इलाकों में क्या सरकार आम फीस माफी करेगी? मेरा अगला सवाल यह है कि सरकार ने कर्जा ले रखा है और किसानों ने भी सरकार से कर्जा ले रखा है। पिछले पांच साल से कई इलाकों में सूखा पड़ा हुआ है। राजस्थान में पिछले 5 साल से सूखा है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में 1979 से लेकर आज तक सूखा पड़ा हुआ है।

श्री उपसभापति : हम लोग भी वहां के ही रहने वाले हैं, ऐसी बात नहीं है।

श्री रामेश्वर सिंह : आप कह रहे हैं कि वहां पर सूखा नहीं हैं। आप चेयर पर बैठे हुए है . . . (व्यवधान)। आप को इस तरह से हमको इंटरेप नहीं करना चाहिए . . . (व्यवधान)।

श्री उपसभापति : क्यों नहीं करना चाहिए। आप बोलते जा रहे हैं।

श्री रामेश्वर सिंह : मैं कृषि मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि यहां पर सन् 1980 में सूखा था, सन् 1981 में सूखा था और अब सन् 1982 में भी सूखा पड़ा हुआ है। यह तीन, यह सरकार . . .

श्री उपसभापति : ठीक है हो गया।

श्री रामेश्वर सिंह : मैं समाप्त कर रहा हूं। आप परेशान क्यों है ?

श्री उपसभापति : परेशान इसलिए हूं कि समय नहीं है हमारे पास। औरों को भी बोलना है।

श्री रामेश्वर सिंह : उपसभापति महोदय, मैं आपके द्वारा मंत्री महोदय को कहना चाहता हूं कि मिर्जापुर में सोन नदी पर आपने जो स्कीम बनाई है और जो पिछले 10 वर्षों से चल रही है और जिसमें सोन नदी पर आप लिफट बनाने जा रहे हैं उसको शीघ्र से शीघ्र पूरा करें। मैं मंत्री महोदय से पूछना चाहता हू कि कब तक आप इसको पूरा करेंगे ?

दूसरा प्रश्न मेरा है कि इसके मातहत आपके पास बलिया जिले के अन्दर जो नहर बनी हुई है बेलघरा रोड पर, उस नहर पर आपने कम से कम 3 करोड़ रुपए खर्च किये हैं और वह नहर बेकार पड़ी है . . . (व्यवधान) . . . मुबारकबाद अगर 3 करोड़ रुपए इस पर खर्च हुआ है लेकिन नहर बेकार पड़ी है। मैं आपको बताना चाहता हूं कि आपकी योजनायें कैसे असफल हो रही हैं। असफल इसलिए हो रही है कि आप पैसा दे देते हैं इंजीनियर लोगों को, पैसा दे देते हैं आफिसर लोगों को और आफिसर और इंजीनियर लोग बैठकर स्कीम बनाते हैं और स्कीम ऐसी बनती है जिसमें सारा पैसा आफिसर और ठेकेदार के हाथ में चला जाता है। . . . (व्यवधान) . . . सुनिए। तो आप किसको दीजिए? मगर उस काम को इसी महीने में शुरू न रखें बल्कि उस काम को हमेशा शुरू रखिए और तब तक शुरू रखिए जब तक आपकी योजना पूरी न हो जाये। आप केवल जब सूखा पड़ता है तब रुपया भेजते हैं और 10-15 दिन में रुपया साफ करके आफिसर और ठेकेदार खा जाते हैं। मेरा कहना है कि योजना जो बने उसके लिए पैसा दो-तीन साल पहले से दिया करें और उस योजना को बराबर कन्टीन्यू रखे। जैसे राजस्थान नहर है, उसके लिए एशियाई खेलों को बन्द करके उसको पहले पूरा करना चाहिए और राजस्थान की जनता को बचाना चाहिए। राजस्थान में एक लाख . . .

श्री उपसभापति : आप समाप्त करिये। राजस्थान के श्री भाभड़ा हैं वे पूछ सकते हैं।

श्री रामेश्वर सिंह : आंकड़ों की बात में. . .

श्री उपसभापति : रामेश्वर सिंह जी 20 मिनट हो गये अब टाइम नहीं रहा।

श्री रामेश्वर सिंह : मैं आपको बताता हूं. . .

**श्री उपसभापति :** बहुत से मेम्बर बोलने वाले है, ऐसे कैसे चलेगा।

**श्री रामेश्वर सिंह :** राजस्थान में देखिये 1 करोड़ 85 लाख रुपये के करीब-करीब...

**श्री उपसभापति :** इसको छोड़िये आपका प्रश्न हो गया।

**श्री रामेश्वर सिंह :** सूखे के कारण एक करोड़ हैक्टेयर से ऊपर जमीन राजस्थान में बरबाद हो रही है। तो श्रीमन्, मेरे कहने का मतलब यह है कि इस नहर के काम को पूरा किया जाये।

दूसरा,...

**श्री उपसभापति :** माननीय मंत्री जी।

**श्री रामेश्वर सिंह :** एक मिनट मेरी बात सुन लीजिये।

**श्री उपसभापति :** यह उचित नहीं है। आप कृपया यह महसूस नहीं करते कि और मेम्बरों को भी इस पर बोलना है। आधे घंटे आप बोल चुके। अगर आप इतने समय में न प्रश्न करें तो हम क्या करें। इस पर विरोधी दल के माननीय सदस्य ही ज्यादा बोलने वाले हैं, सरकारी पक्ष की ओर से केवल एक मेम्बर ही बोलने

" SHRI GHANSHYAMBHAI OZA (Gujarat); I would request my friends not to take this matter very lightly. I am very much pained at the way they are reacting to this. I will show, you 30 ladies who have come from Madhya Pradesh. They are starving and weeping because there is drought.

SHRI SYED SIBTY RAZI (Uttar Pradesh): This allegation from the learned Member is not correct. VT« are very serious about the problem. We are very much concerned with what Mr. Rameshwar Singh is saying. But he has not put a single question before the Minister.

SHRI HARISHANKAR BHABHRA (Rajasthan): You are also adding to the non-seriousness.

**श्री रामेश्वर सिंह :** मुझे अफसोस इस बात का है कि...

**श्री उपसभापति :** आप सवाल पूछिये।

**श्री रामेश्वर सिंह :** सवाल पर ही आ रहा हूं। अगर आप यह चाहते है कि मैं कुछ न बोलूं और सदन से बहार चला जाऊं...

**श्री उपसभापति :** यह मैं कैसे कह सकता हूं।

**श्री रामेश्वर सिंह :** मैं कहता हूं कि इन लोगों को आप रोकते नहीं हैं। मैं कहता हूं जिस तरह से आप चल रहे हैं, जो आपका एटीट्यूट है यह बहुत खतरनाक है, मुल्क के लिये, और सिब्ते रजी साहब आप इस हाउस में आने के काबिल नहीं है लेकिन पता नहीं कैसे आप आ गये।** मैं जब अपनी बात कहता हूं, तो बीच-बीच में आप हमको चैलेंज करते हैं।

SHRI SYED SIBTY RAZI: I take strong exception to this remark. He does not know how to behave with the Members of Parliament. It is a very grave allegation. I think,. Sir, you should take a very serious view of it. *(Interruptions)*

SHRI RAMANAND YADAV: Sir, on a point of order.

**Expunged_ as ordered by the Chair.

SHRI SYED SIBTY RAZI: He has no right to say like this.

MR. DEPUTY SPEAKER: I will expunge the word. Remove that word.

RAO BIRENDRA SINGH: This is an aspersion on the Members of the House. These words should be expunged. *(Interruptions)*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I will expunge that word in relation to Mr. Sibty Razi. The whole sentence will go.

जरा आप अपनी वाणी पर कण्ट्रोल रखिये ।

श्री रामेश्वर सिंह : मैं अपनी वाणी पर कंट्रोल रखता हूं । मैं कौनसी ऐसी बात कह रहा हूं जो इनको चुभ रही है।

श्री उपसभापति : आपको ज्ञान नहीं है कि आप क्या कहते हैं।

श्री रामेश्वर सिंह : मैं यह कह रहा था कि दो सवाल पूछ करके खत्म कर रहा हूं।

श्री उपसभापति : हां, तो सवाल पूछिये ।

श्री रामेश्वर सिंह : मेरा पहला सवाल तो यह है कि क्या सरकार कोई ऐसी पर्मानेन्ट योजना बनायेंगी जो सूखा और महामारी पड़ने से पूर्व इस स्कीम को चलाए और उसको कंटिन्यू करे उसको पूरा कराये ।

मेरा दूसरा प्रश्न यह है कि उत्तर प्रदेश गवर्नमेंट ने क्या आपसे 75,000 टन प्रति महीने खाद्यान्न मांगा है। अगर मांगा है, तो क्या उसको पूरा करने जा रहे हैं ?

तीसरा प्रश्न यह है कि क्या पूर्वी उत्तर प्रदेश और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में जो असमानता है, उस असमानता को मिटाने के लिये—ला एंड आर्डर को नहीं, बल्कि सूखे की समस्या पर कंट्रोल रखने के लिये कोई भी गवर्नमेंट तेरह करोड़ पापुलेशन को नहीं सम्भाल सकती है–एक अमरीका के बराबर वह प्रदेश है ।

इसलिये क्या प्रदेशों का आप पुनर्गठन करायेंगे जिससे प्रशासनिक क्षमता की कैपेसिटी बढ़ सके, ताकि कोई भी सरकार बने, उसे काम करने की—आज किसी भी सरकार में प्रशासनिक कार्य क्षमता नहीं है कि काम चलाये । इसलिये मंत्री जी से इन्हीं चंद सवालों के साथ मैं चाहूंगा कि आप बहुत गंभीरता से इन पर विचार करें।

राव बीरेन्द्र सिंह : उपसभापति जी, जो सरकार की तवज्ह श्री रामेश्वर सिंह जी ने सूखे की तरफ दिलाई, वह वाकई बहुत गंभीर विषय है और मैं उनको मुबारकबाद देता हूं कि उन्होंने किसानों की जो हालत सूखे की वजह से हो जाती है और जिसका हमें भी अन्देशा हो रहा है, उसका फिक्र किया और हाउस को आगाह किया कि हालत अच्छी नहीं

मैंने इस सारी चीज को माना है कि बारिश की कमी है। आज भी हिन्दुस्तान में 70 फी सदी के करीब जमीन ऐसी है जिस पर बारिश की वजह से ही खेती हो सकती है, बावजूद इस बात के कि हमारी सिचाई का प्रोग्राम बहुत तेजी से चल रहा है। शायद दुनिया में और कोई ऐसा देश नहीं है जहां तीन मिलियन हैक्टर जमीन सिंचाई के नीचे हर साल लाने का प्रोग्राम है जैसे कि हिन्दुस्तान के अंदर हो रहा है और किस तेजी से सिंचाई बढ़ी है, इससे माननीय सदस्य अच्छी तरह से वाकिफ हैं।

**श्री रामेश्वर सिंह :** सिंचाई तेजी... (व्यवधान) ।

**श्री उपसभापति :** आप अब बैठिये । आप पच्चीस मिनट बोल चुके हैं। आपके अंदर अभी भी संतोष नहीं है । अब आप छोड़िये, उनको बोलने दीजिये ।

**राव बीरेन्द्र सिंह :** आपको तो कुछ मालूम ही नहीं है, क्या करें बताइये ? खुद को मालूम नहीं है और सुनना भी नहीं चाहते । सूखे से परेशानी पिछले कई सालों से हो रही है, आज की बात नहीं है । हमेशा जहां किसी मुल्क में कोई इलाका बारिश के ऊपर मुनहसर करेगा, उसमें यह परेशानियां आती हैं और शायद अभी दस-बीस सालों के अंदर मर्जी के मुताबिक भगवान बारिश करता है जिससे कि किसान पूरी अच्छी तरह से खेती कर सके । चार-पांच सालों के अंदर बारिश की कभी भी रही कुछ इलाकों में, यह कहना गलत है कि 1979-80 के बाद हर साल सूखा ही पड़ता रहा ।

1981 के अंदर अच्छी बारिश हुई । 1982 में फिर बारिश कम रही । 1979 के अंदर बहुत भयंकर सूखा पड़ा । अभी हम उम्मीद करते हैं कि मौसम बाकी है बारिश का, और शायद यह कमी पूरी हो जाए और तकलीफ न हो । लेकिन इसके बावजूद हमने पहले से ही प्लान बना करके स्टेट्स को लिखा है । हमारी तो स्टैंडिंग इंस्ट्रक्शंस हैं, प्लान है कि हर साल सूखे की संभावना हो या न हो, लेकिन स्टेट गवर्नमेन्ट अपना इंतजाम रखे ।

वह 12-प्वाइंट प्रोग्राम प्राईम मिनिस्टर का है । उसका मैंने जिक्र किया है । बार-बार हाउस के अंदर उनका जिक्र आ चुका है । सूखाग्रस्त इलाकों की देख-भाल के लिए हमारे कई प्रोग्राम चल रहे हैं, जिससे हमारे मेम्बर्स वाकिफ हैं । जिससे आनरेबल मेम्बर वाकिफ हैं । ड्राउट प्रोन एरियाज का प्रोग्राम इसीलिए बनाया गया कि जिन इलाकों के अंदर सूखा पड़ता रहता है उसकी विशेष देखभाल हो सके, उन जगहों के लोगों की तकलीफ कम हो पाए, वहां सिंचाई हो सके, अच्छी फसलें हो सकें । जहां एक फसल के बाद जमीन खाली होती है वहां दूसरी फसल नयी टेक्नालाजी के जरिए उगायी जाए और उनको ड्राउट रेजिस्टेंट बीज मोहय्या करके, जो हमारे साइंटिस्ट्स तैयार करते हैं, उनकी मदद करें । इसी तरह से दूसरे डेवलपमेंट प्रोग्राम हैं, नेशनल रूरल डेवलपमेंट का प्रोग्राम है, उसके जरिए किसानों की मदद करते हैं । अलबत्ता तीन-चार प्रोग्राम ऐसे हैं जिनका मकसद ही सूखा-ग्रस्त इलाकों की तरफ तवज्जह देने का है । इरिगेशन का मैंने आपसे जिक्र किया, वह बहुत तेजी से काम बढ़ रहा है और हिन्दुस्तान के अंदर 50 फीसदी के करीब सिंचाई अंडरग्राउंड वाटर को इस्तेमाल करके होती है और शायद दुनिया में कोई ऐसा देश नहीं है जहां 50 फी सदी ग्राउण्ड वाटर का भी इस्तेमाल कर लिया गया हो। तो यह भी सूखे से पीछा छुड़ाने का इंतजाम हम लोगों के लिए कर रहे हैं । राजस्थान में वाकई चार पांच साल से तकलीफ हो रही है लेकिन राजस्थान में सन् 1980-81 के अंदर 40 करोड़ 70 लाख रु० की मदद दी गई, सन् 1981-82 में 87 करोड़ 42 लाख की मदद दी गई और 1982 को, इस साल भी 37 करोड़ रु0 का रिलीफ राजस्थान को दे दिया गया । इतना भारी रिलीफ हम मंजूर कर रहे हैं राजस्थान के लिए । इसी तरह से दूसरे इलाकों के लिए यह कहना गलत होगा कि सरकार ने ध्यान नहीं दिया सूखे की तरफ या किसी एक खास स्टेट की तरफ पूरा पैसा देने की तरफ तवज्जह नहीं दिया । माननीय सदस्य इस बात

[राव बीरेन्द्र सिंह]

को मानेंगे कि ऐसी क्षमता हिन्दुस्तान के अंदर पैदा हो गई है, खेती के मामले में, कि एक और फसल उगायी जा सके और यह सरकार की नीतियों का नतीजा है है कि आहिस्ता आहिस्ता खेती की पैदावार बढ़ती जा रही है। सन् 1981-82 के अंदर आप जानते हैं कि रिकार्ड प्रोडक्शन हुआ, 132 मिलियन टन अनाज का प्रोडक्शन हुआ जब कि इस के मुकाबले में सन् 1979-80 में जब सूखा पड़ा था तो 109 मिलियन टन के ऊपर हमारी पैदावार घट कर आ गई थी। उसके बाद वह बढ़ती चली गई। हम उम्मीद करते हैं जिस तरह की यह रिकार्ड प्रोडक्शन इस साल उम्मीद की जाती है कि हो जाएगी उसी तरह से से आयंदा अगर बारिशें अच्छी हो गयी तो पैदावार को ज्यादा गिरने नहीं दिया जाएगा। किसान भी हमारे बहुत मेहनती हैं। नयी टेकनालाजी भी उन्हें ड्राईलैंड की सिखायी जा रही है और हमारा जो 20-पांइन्ट प्रोग्राम है उस पर खास तौर पर यह तवज्जह दी गई है कि जो सूखी जमीनें हैं वहां सिंचाई का पूरा प्रबन्ध नहीं है उन के ऊपर खेती उगाने के लिए किसानों को ज्यादा से ज्यादा समझाया जाए और उनको मदद दी जाए। लोन वगैरा देने की स्कीम भी हमारी चलती है ...

श्री रामेश्वर सिंह : फीस माफ हो।

राव बीरेन्द्र सिंह : देखिए, यह नार्मल तरीका है कि जहां फेमिन रिलीफ कायदा लागू होता है, जब सूखा पड़ता है और सेन्टर से मदद मांगी जाती है तो मार्जिनल मनी हर स्टेट को दिया जाता है। ऐसी नेचुरल केलेमिटी है तो उसमें एकदम मदद काम आ सके इसके लिए व्यवस्था है। डी पी ए पी, डी डी पी, नेशनल रूरल डेवलपमेंट प्रोग्राम, एन आर ई पी का हमारा खास प्रोग्राम है। इन सब चीजों के बाद भी मार्जिन मनी हर स्टेट के पास होता है--कहीं बाढ़ आई, सूखा पड़ा, औला पड़ा, कोई आफत पैदा हो जाए खेती को, तो उसमें से फौरन इमदाद दी जा सकती है और जब उस रुपए से काम न चले तो सेन्ट्रल गवर्नमेन्ट को मेमोरेण्डम देते हैं। उसके बाद सेन्ट्रल टीम देखने जाती है, नुकसान का अंदाजा लगाती है और स्टेट की मांग के अनुसार जितना चाहिए, उसको जितनी गुंजाईश होती है खजाने के अंदर उसके अनुसार पैसे की इमदाद दी जाती है।

1 P.M.

कुछ स्कीमों का जिक्र किया श्री रामेश्वर सिंह जी ने।

श्री रामेश्वर सिंह : बेलनवकहर परियोजना और सोन परियोजना।

राव बीरेन्द्र सिंह : वह इरीगेशन महकमें से ताल्लुक रखती हैं। हमने आपकी बातों को नोट कर लिया है और उनकी तवज्जह उधर दिलायेंगे। ये सारी चीजें चल रही हैं। इरीगेशन को बहुत तेजी से लिया जा रहा है। राजस्थान नहर मुकम्मिल हो जायेगी तो बहुत सा इलाका . . .

श्री सदाशिव बागाईतकर (महाराष्ट्र) : बड़ा लम्बा चला राजस्थान कनाल का मामला

राव बीरेन्द्र सिंह : आप ज्यादा जानते हैं तो आप से पूछ लेंगे। जितना मैं जानता हूं वह बता सकता हूं। मुख्तसर मैं अर्ज करना चाहता हूं कि सारी चीज की तरफ हमारा पूरा पूरा ध्यान है। बदकिस्मती की बात है कि बारिशें देर से हो रही हैं। लेकिन जैसा मैंने कहा, आशा रखनी चाहिये कि बारिशें अब

भी होंगी । इस वक्त बारिश की कमी जितनी '79 में थी उस से ज्यादा है और बहुत ज्यादा इलाकों के अन्दर हैं । मैंने खुद बताया कि 35 सबडिवीजन है मी टयरोलोजिकल, उन में 25 के अन्दर बारिश की कमी बहुत ज्यादा है । माइनस 58 परसेंट इस वक्त तक है एवरेज से । हम आशा रख सकते हैं, पिछले 48 घंटों में कुछ डिप्रेशन बने हैं जिस से उड़ीसा में बारिश शुरू हो गयी है । दूसरे इलाकों का मैंने जिक्र किया आन्ध्र में और साउथ पेनिनसुला के अन्दर उम्मीद है कि कुछ दिनों के अन्दर बारिश हो जायेगी । अब भी बारिश काफी हो जाये तो अनाज काफी पैदा किया जा सकता है । और भगवान नाराज ही हो जाय तो उस स्थिति से निपटने के लिये सरकार जितने. उपाय कर सकती है करेगी । मई से हम इस बात पर लगे हैं । स्टेट्स को लिखा हैं, आफीसर्स की मीटिंग हुई हैं । हर चीज के ऊपर निगाह रखी जा रही है । इससे ज्यादा सरकार क्या करे। माननीय सदस्य जो सुझाव देंगे उन पर हम गौर करेंगे ।

श्री रामेश्वर सिंह : यू॰ पी॰ गवर्नमेंट ने 75 हजार टन मांगा है ।

राव बीरेन्द्र सिंह : यू॰ पी॰ गवर्नमेंट ने जितना अनाज मांगा हो उतना ही देने का मैं वादा नहीं कर सकता क्यों कि स्टेट्युटरी राशनिंग देश के अन्दर नहीं है । हम कुछ अनाज रिलीज करते हैं और यह भी इस पर निर्भर करता है कि हमारे पास स्टाक कितना है । हम सारा अनाज भंडार खाली नहीं कर सकते । बाजार में भी अनाज मिलता है । उस की कीमत को नीचे रखने के लिये जितना हम से हो सकता है पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम के अन्दर अनाज इशू करते हैं, लेकिन स्टेट की मांग ज्यादा हो, किसीस्टेट के अन्दर प्रोक्योरमेंट बिल्कुल न होता हो, वह स्टेट यह चाहे कि एक या तो स्टेटों से सारा अनाज इकट्ठा कर के पूरे तौर पर उस की जरूरत का, हर शख्स के लिये, अनाज दे दिया जाय तो मैं इसका वायदा नहीं कर सकता ।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Calling Attention will continue after lunch. सदन की कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक के लिये स्थगित की जाती है ।

The House then adjourned for lunch at three minutea past one of the clock.

---

The House reassembled after lunch at three minutes past two of the clock, Mr. Deputy Chairman i» the Chair.

श्री रामानन्द यादव : उपसभापति जी, सारे हिन्दुस्तान में भीषण सूखे की स्थिति उत्पन्न हो गयी है । इससे हमारे मंत्री जी भी अवगत हैं और सारा सदन अवगत है । मैं विशेषतया बिहार की तरफ सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं । बिहार एक ऐसा प्रान्त है जो कि बाढ़ और सूखे से हर दो एक वर्ष के बाद लगातार पीड़ित होता रहा है । जैसा कि माननीय मंत्री जी ने बताया और हम और आप सब जानते हैं कि 70 प्रतिशत खेती इस देश की वर्षा पर निर्भर करती है । शुरू में चाहिये था भारत सरकार को कि जो प्लान बना वह पहला प्लान एग्रीकल्चरल प्लान होता तो शायद हमारे देश की स्थिति जैसी आज है वह न होती । अभी बिहार में भीषण अकाल की स्थिति उत्पन्न हो गयी है और वहां के खेती हर मजदूर अपने घरों को छोड़ कर बाहर के आस पास के प्रान्तों में मजदूरी के लिये जाने लगे हैं । वहां के कुएं सूख गये हैं । ऐसे तो साउथ बिहार में बराबर सूखा रहता है और वहां पानी का कोई उचित प्रबंध नहीं है । वहां नहरें नहीं हैं । सिंचाई का भी कोई उचित प्रबंध नहीं है । यहां तक की लोगों को ड्रिंकिंग वाटर भी नहीं मिल पाता है, खासकर नार्थ साउथ बिहार में, छोटा नागपुर का हिली ट्रेक है,

[श्री रामानन्द यादव]

संथाल परगने का हिली ट्रेक है । उपसभापति जी, बिहार सरकार ने इस भयंकर परिस्थिति को देखते हुए जिसमें कि धान का बिजड़ा जो किसानों ने मई के दूसरे सप्ताह में बारिश होने के कारण अपने घरों से निकालकर खेतों में डाल दिया था, वह भी जमीन से ऊपर आ गया था किन्तु पानी के अभाव में 75 फीसदी धान का बिजड़ा सूख गया, मकई की फसल, अरहर व दलहन की फसल जो लगाई थी वह भी वर्षा न होने के कारण कीड़ें उस फसल को खा डालते है, अरहर का जो पौधा है वह बड़ा ही नरम होता है, उसको खा जाते है, इस प्रकार समूचे खेत पानी के अभाव में सूख गये हैं जिससे न धान की फसल होगी, न और चीजों की । आज बिहार की स्थिति यह है कि वहां के खेत मजदूर चाहे वह नार्थ बिहार के हों या साउथ बिहार के, वे शहरों की तरफ भाग रहे हैं । नदियों में पानी बिल्कुल नहीं है यहां तक कि जो सोन कैनाल था जहां बराबर पानी भरा रहता था, खासकर जहां सोन कैनाल से पानी भोजपुर और रोहतास डिस्ट्रिक्ट को मिलता था, वन -सागर योजना का जो ऐग्रीमेंट हुआ उसके कारण सोन कैनाल में पानी पर्याप्त मात्रा में न. होने के कारण, बिहार के लोग कहीं भी आरा जिले में बींज नहीं डाल पाए हैं । ऐसी स्थिति है कि आगे की खेती नहीं हो पायेगी, ऐसी संभावना दिखाई दे रहा है ।

उपसभापति जी, लोगों ने वहां पर ट्यूबववेल बनवाये । लेकिन साधनों के अभाव में सारे ट्यूबवेल्स बिना मरम्मत के पड़े हुए है । जिनको मरम्मत करनी है वह तो जाते नहीं है, जिसको वजह से वह ट्यूबवेल्स वहां वैसे ही पड़े हुए है । सरकार पहले जो स्कीम लेती थी उसमें गांवों के कुओं से जो पानी मिलता था उनको समय समय पर डिसिल्ट करने के लिये 30–40 रुपये देती थी जिससे हर गांव के कुओं को लोग साफ करते थे । उसमें भी सहायता न होने के कारण गांवों में कुछ निष्क्रियहो गये है ।

उपसभापति जी, बिहार सरकार ने अपनी एक इमरजेंसी कैबिनेट मीटिंग में एक मोनिटरिंग कमेटी बनाई इस स्थिति को काबू में लाने के लिए किये जाने वाले कामों को कोआर्डिनेट करने के लिए उन्होंने यह फैसला किया कि हर डिपार्टमेंट अपने रिसेसेज को भी बिलाइज करे और इस ड्राउट से लड़ने की तैयारी करे । अध्यक्ष जी, मैं यह जानना चाहता हूं कि सेंट्रल गवर्नमेंट की भी जिम्मेदारी है और वह बहुत बड़ी जिम्मेदारी है, सैंट्रल गवर्नमेंट यह कहकर इस मामले को टाल नहीं सकती कि चूंकि हम रुपया पैसा बिहार सरकार को दे देते हैं, उत्तर प्रदेश सरकार को या महाराष्ट्र या अन्य प्रान्तीय सरकारों को दे देते हैं इसको खर्च करना उनकी जिम्मेदारी नहीं है । मैं मानता हूं कि सैंट्रल गवर्नमेंट ड्राउट-प्रोन एरिया के लिए, रुरल अन-प्लायमेंट को हल करने के लिए इंटीग्रेटेड वाटर सप्लाई के अन्दर, रुरल डेवेलपमेंट स्कीम्स के लिए चार मदों में खर्च करने के लिए पैसा देती है लेकिन यह पैसा कैसे खर्च होता है, सरकार कोई कमेटी बनाकर उस की जांच नहीं करती है । इसे छोड़ देती है स्टेट की सरकारों की मर्जी पर खर्च करने के लिए और फल उसका यह होता है कि ठीक तरह से मोनिटरिंग न होने के कारण वह पैसा अपव्यय हो जाता है । या तो ठेकेदार उसको खा जाते हैं; कुछ सरकारी मुलाजिम खा जाते हैं और इस प्रकार थोड़ा सा ही उसका उपयोग हो पाता है । मैं सरकार से यह पूछना चाहता हूं कि ड्राउट प्रोन एरिया के डेवलपमेंट के लिए फोर्थ फाइव इयर प्लान में स्टेट्स को जो पैसा दिया गया था क्या उन्होंने वह पैसा सही इस्तेमाल किया है ? मुझे जानकारी मिली है कि कई स्टेटों की सरकारों ने वह पैसा खर्च

नहीं किया और उस पैसे को लौटा दिया। मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि बिहार सरकार को फोर्थ फाइव ईयर प्लान में ड्राट प्रोन एरिया के डेवलपमेंट के लिए पैसा मिला था उसने वह पैसा खर्च नहीं किया और इस कारण से देहातों को जो फायदा होना था, इरीगेशन को फेसीलिटीज मिलनी थी वह नहीं मिल सकी। सरकार इस तरफ ध्यान दे, यह मैं कहना चाहता हूं।

प्लानिंग कमीशन की एक कमेटी है। वह कमेटी भी इवेलूएशन करती है कि जो पैसा दिया जाता है उसका सदुपयोग हो रहा है या नहीं, सचमुच में उसका खर्चा होता है या नहीं। मैं सरकार से जानना चाहूंगा कि जो प्लानिंग कमीशन के अधिकारियों ने पैसा दिया, जो मानेटरिंग सेल इवेलूएशन कमेटी है वह जाकर इस को देखती है या नहीं? अभी हमारे मंत्री जी ने कहा भारत सरकार तुरन्त अपनी टीम वहां भेजेगी। यह बात ठीक है कि मनुष्य की देखभाल होती है। जो उसकी मांग होती है उसका पूरा करने का प्रबन्ध सरकार कर लेती है। विदेशों से अन्न मंगाती है। लेकिन कैटल जो मूक हैं उसके लिए कोई हल्ला-गुल्ला नहीं करता। तीन तरह की स्थिति पैदा हो गई है— वाटर, फोडर, और फूड। ये तीनों चीजें देहातों में उपलब्ध नहीं हैं। केटल ने मरना शुरू कर दिया है। इसलिए मरना शुरू कर दिया है चूंकि बारिश न होने के कारण उसके लिए किसी तरह से खाने का फोडर पैदा न हो सका। मनुष्य तो कर्जा ले कर अपना काम निकाल लेता है लेकिन पशु कहां से कर्जा लेगा उसकी देखभाल करने वाला भी कोई नहीं है। मैं चाहूंगा कि मंत्री महोदय इस बात को बताएं कि भारत सरकार जब कभी जांच करने के लिए ड्राट एरिया में अपने मुलाजिमों को भेजती है तब क्या आपके वेटरनरी एक्सपर्ट भी वहां जाते हैं यह देखने के लिए कि पशुओं को कितनी दिक्कत हो रही है? पशुओं को खाने के लिए चारा वगैरह मिल रहा है या नहीं?

आज देहातों में 75 फीसदी किसानों के पास बीज के लिए धान नहीं है। धान के लिए बीज उनके पास नहीं है ताकि पर्याप्त मात्रा वे धान पैदा कर सकें। जहां वे पहले 50 बीघा बोते थे आज वह 10 बीघा बोएंगे। जब उनके पास बीज कम रह गया है और बारिश अच्छी नहीं होती है तो निश्चित रूप से अन्न की प्रोडक्शन फाल करेगी। सबसे अधिक प्रभावित होता है इस अकाल से गांव का खेतिहर मजदूर। उसकी परचेजिंग कैपेसिटी खत्म हो जाती है। किसान के पास काम नहीं होता। वह उनको काम नहीं देते। लेकिन गांवों के जो सबसे बड़े कुलक हैं, खतिहर हैं उसके पास पैसा भी है, उसके पास जमीन भी है। उसके पास बहुत सा अन्न भी है, और वह अपना जीवन आराम से गुजार सकता है। लेकिन गांव का जो खेतिहर मजदूर है जो केवल मजदूरी पर निर्भर करता है, जिसका जीवन प्रतिदिन के कमाने पर निर्भर करता है, जिसका भरण पोषण प्रतिदिन के कमाने पर होता है उसके लिए सरकार क्या कर रही है, यह मैं मंत्री महोदय से जानना चाहता हूं। उपसभापति महोदय, आज हमारे गांव में जो नदियां हैं उनमें सिल्टिंग बहुत हो गया है। बहुत-सी नदियां ऐसी हैं जिनसे सिंचाई हो सकती है, लेकिन उनमें मिट्टी भर गई है। इसलिए आज जरूरत इस बात की है कि डिसिल्टिंग किया जाय और उन नदियों से सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराया जाय। मैं यह जानना चाहता हूं कि क्या सरकार डिसिल्टिंग के लिए

[श्री रामानन्द यादव]

कोई योजना बनाएगी? हमारे यहां जो कंट्रेक्टर्स हैं, ब्लैकमार्केटियर्स हैं, होर्डर्स हैं और इसी तरह से जो सरकारी मुलाजिम हैं, या सरकारी पदाधिकारी हैं वे इस प्रकार की कलेमिटीज के वक्त, मानवीय विपत्ति के वक्त, फायदा उठाने की कोशिश करते हैं और फायदा उठाते हैं। सरकार इन इलाकों के लिए जो कुछ देती है उसका बहुत बड़ा हिस्सा ये लोग खा जाते हैं। इसलिए सरकार को बराबर निगरानी रखनी चाहिए।

मैं यह भी कहना चाहता हूं कि सरकार शोर्ट टर्म योजनाएं बनाती है। ड्राउट आया तो सरकार चाहती है कि जल्दी से काम कर लिया जाय। इस प्रकार से हर साल करोड़ों रुपए खर्च हो जाते हैं। इसलिए आज जरूरत इस बात की है कि लौंग टर्म योजना बनाई जाय और इस बात पर विचार किया जाय कि जब सूखे की स्थिति आती है तो उसको सदैव के लिए कैसे हल किया जाय। आप इंडस्ट्रियल डेवलपमेन्ट को छोड़ दीजिए, प्लानिंग को छोड़ दीजिए, आप नये कालेज खोलना छोड़ दीजिए, क्योंकि जब तक लोगों को खाने को अन्न नहीं मिलेगा तब तक कोई योजना सफल नहीं हो सकती है। आज गांवों में यह स्थिति हो गई है कि भूखा आदमी कुछ भी करने के लिए तैयार हो जाता है। वह क्रांति करेगा। बिहार के गांवों में यह हालत हो गई है कि अगर किसी आदमी के घर में उसकी स्त्री बीमार हो जाती है और वह रात को उसको होस्पिटल में ले जाना चाहता है तो वह नहीं ले जाता है क्योंकि उसको डर होता है कि गांव का गरीब आदमी रात में उसकी स्त्री से कुछ भी छीन सकता है। इस प्रकार की परिस्थिति पैदा हो गई है। इसको आपको समझना है। गांव का जो गरीब आदमी है जिसके पास कोई दूसरा साधन नहीं है, वह केवल मजदूरी पर ही निर्भर रहता है। इस प्रकार के लोगों की आबादी कहीं पर 35 परसैन्ट है तो किसी किसी प्रान्त में 45 परसेन्ट है। मैं जानना चाहता हूं कि इस प्रकार की जो मजदूरी करने वाला व्यक्ति है उसके लिए आप गांवों में क्या करने जा रहे हैं? क्या आप उसको कोई काम देंगे। क्योंकि सूखे के कारण उसको खेती में काम नहीं मिल रहा है?

जो हमारे पहाड़ी इलाके हैं उनकी स्थिति भी बड़ी खराब है। बिहार में छोटा नागपुर के इलाके में बोरिंग करने की जरूरत है। आप जानते हैं कि छोटा नागपुर का बोरिंग वाला जो एक्सपर्ट है वह वर्ल्ड बैंक में भी फैमस हुआ है। पहाड़ी इलाकों में पीने का पानी उपलब्ध कराने के लिए बोरिंग करने की जरूरत है और इसके लिए योजना बनाई जानी चाहिए। पिछले 15 वर्षों से लगातार कोशिश करने के बावजूद बिहार के छोटा नागपुर और संथाल सब-डिविजन में लोगों को पीने का पानी लाने के लिए तीन तीन मील जाना पड़ता है। इस प्रकार की स्थिति बिहार में है। इसका कारण यह है कि वहां पर पर्याप्त मात्रा में पैसा नहीं दिया जाता है। मैं यह कहना चाहता हूं कि ड्राउट का सामना करने के लिए इरीगेशन के लिए और एग्रीकल्चर के लिए अधिक से अधिक पैसा दिया जाना चाहिए और यह पैसा इन्हीं कामों पर खर्च किया जाना चाहिए। मेरे कहने का मतलब यह है कि आपको इन समस्याओं का सामना करने के लिए लौंग टर्म योजना बनानी चाहिए।

इसके साथ-साथ आपके जो डिस्ट्रिब्यूशन के चैनल हैं उनकी तरफ भी ध्यान देने की जरूरत है। यहां से जो

कुछ अनाज भेजा जाता है, जो रिलीफ दिया जाता है वह कंज्यूमर के पास नगण्य रूप में ही पहुंच पाता है। इसलिए आपको अपने डिस्ट्रिब्यूशन सिस्टम को ठीक करना होगा। आप इसको मोबेलाइज कीजिए ताकि लोगों को समय पर चीजें मिल सके। हमारे देश में इस प्रकार की नेशनल कैलेमिटीज बार बार आती रहती हैं। मैं यह जानना चाहता हूं कि क्या सरकार कोई नेशनल कैलेमिटी बोर्ड बनाने पर विचार कर रही है जो सरकार को इस बारे में सुझाव दे सके? क्या सरकार इस सुझाव पर विचार करेगी? मैं मंत्री जी से यह जानना चाहता हूं कि विभिन्न सरकारों को शार्ट टर्म्स लोन देने की क्या आप व्यवस्था करेंगे? अगर आप शार्ट टर्म्स लोन देंगे तो किस आधार पर देंगे और किसे देंगे और किस प्रान्त को कितना देंगे?

**श्री उपसभापति :** माननीय मंत्री जी।

श्री रामानन्द यादव : मैं सरकार से यह भी जानना चाहता हूं कि बिहार राज्य के संबंध में जो भीषण स्थिति पैदा हो गई है उसको दूर करने के बारे में आपके पास क्या योजना है?

राव बीरेन्द्र सिंह : यह तो माननीय सदस्य ने खुद कहा है कि बिहार सरकार को सूखे से जो नुकसान हो सकता है, उसके लिए जहां तक हो सके, उसको कम करने के लिए कुछ कदम उठा रही है। यह सब कुछ हमने कन्टेनजेंसी प्लान से भेजा है स्टेट्स को और उसके अधीन यह किया जा रहा है। हमने बार-बार स्टेट्स गवर्नमेन्टस को इस्ट्रंक्शंस दी है कुओं को साफ करने के लिए, नालों को साफ करनें के लिए, एन० आर० ई० पी० और डी० पी० ए० पी० का जो प्रोग्राम है उसमें यह प्रोविजन है और जो रिलोफ दी जाती है ड्राउट के लिए उस पैसे के जरिए से भी यह काम किया जाता है। चारे के लिए फोडर बैंक बनाये जाते हैं और सूखा जब पड़ जाय तो केटल कैम्प भी खोले जाते हैं, इसकी भी रिलीफ दी जाती है। मवेशियों की तरफ भी पूरा ध्यान दिया जाता है। मेडिकल सप्लाई भी होती है और वेटरनरी सर्विस का भी बन्दोबस्त किया जाता है। यह सारी चीजें जो हमारा रिलीफ सिस्टम है उसके अन्दर शामिल हैं। इसमें माननीय सदस्य को तसल्ली रखनी चाहिए। जहां तक सेन्टर की तरफ से जो पैसा जाता है उसकी मोनेटरिंग और आर्डिटिंग सवाल है यह हर एक प्रोग्राम के लिए एकदम कोई मिनिस्ट्री नहीं कर सकती। इसके लिए स्टेट गवर्नमेन्ट जिम्मेदार होती है। उनका जो खर्च का सार्टिफिकेट आता है उसके मुताबिक फिर दूसरी रकम रिलीफ की दी जाती है। एवोल्युशन टीम प्लानिंग कमीशन की जाती है जैसा कि रामानन्द यादव जी ने खुद कहा और आडिट के लिए फाइनेंस मिनिस्ट्री भी अपनी टीम भेजती है जो देख सके कि जो पैसा भारत सरकार से मंजूर हुआ है वह ठीक तरह से खर्च होता है या नहीं। लेकिन ज्यादा जिम्मेदारी स्टेट गवर्नमेन्ट की होती है और हमें इत्मीनान करना पड़ता है कि स्टेट गवर्नमेन्ट अपनी जिम्मेदारी को पूरी तरह से निभाये।

बिहार में 7 करोड़ रुपया शार्ट टर्म्स लोन कर्जे के लिए दिया गया है। 103 करोड़ रुपए की रकम दी गई है सारे भारत में खरीफ की फसल के लिए लोगों को कर्जे देने के लिए। उससे बीज, लेते हैं, खाद लेते हैं और दूसरी चीजें लेते हैं। यदि बिहार सरकार की तरफ से कोई मांग आयेगी दुबारा कि पैसा कम है तो हम उस पर जरूर विचार करेंगे।

**श्री शिव चन्द्र झा** (बिहार) : उप-सभापति महोदय, आज के विज्ञान के युग में हमें अगर सुखाड़ की परिस्थिति का मुकाबला बारबार करना पड़े तो यह बहुत हैरानी की बात है अफसोस की बात है, मंत्री जी ने खुद कहा अपने मौखिक जवाब में कि 70 प्रतिशत के करीब खेती जो है वह मानसून पर मुन्हसर करती है। यानी 70 प्रतिशत खेती को इरीगेशन का पानी नहीं मिल सका है, इसके लिए सिचाँई की व्यवस्था, पानी पहुंचाने को व्यवस्था नहीं हो सकी है। आजादी के 35 साल के बाद भी आज 70 प्रतिशत खेती में सिचाई की व्यवस्था नहीं है हम बाढ़ को मान सकते हैं, बाढ़ विकसित देश में भी आती है, अमेरिका जैसे देश में भी आती है, इसको हम नहीं मान सकते हैं कि बाढ़ की विभीषिका कहीं और नहीं होती लेकिन विज्ञान के इस युग में सुखाड़ नहीं होना चाहिए। जैसा कि उन्होंने कहा कि दुनिया में जिस रफ्तार से हम यह काम कर रहे हैं वह बहुत है और इतने हेक्टेयर भूमि एरीगेशन में ले आयें हैं जिसको कोई देश नहीं कर रहा है। उन्होंने अपने मौखिक जवाब में इस तरह की बात कही। लेकिन मैं जानना चाहता हूं आज बिहार में आपके जो सेन्ट्रल इरीगेशन प्रोजेक्ट हैं वह कितने हैं, इरी-गेशन के लिए वहां पर केन्द्र की कितनी योजनाएं हैं और कब से हैं और वे क्यों कार्यान्वित नहीं हो रही हैं। उपसभापति महोदय, 6 कन्द्रीय योजनाएं इरीगेशन की गंडक कौसी बैराज ईस्टर्न कैनाल, राजकोट इरीगशन, वेस्टर्न कौसी कैनाल, बागमती इरीगेशन और सोन एच० एल० सी० ये जो योजनाएं हैं आप बतायें कि यह क्यों कार्यान्वित नहीं हो रही है। आप कहेंगे कि यह विषय इरीगेशन विभाग का है मेरा नहीं है। तो हाल ही तक रीगेशन विभाग भी आपके ही मातहत था। आपने जवाब में कहा है कि इरीगेशन मिनिस्ट्री से आदेश जा चुके हैं और बैंकों का भी जवाब दिया है कि बैंकों को भी आदेश जा चुके हैं। तो सिचाई के विषय में जो आपकी जिम्मेदारी है आप इससे बच नहीं सकते हैं। केन्द्रीय योजनाएं जो हैं, पश्चिमी कोसी नहर योजना को ही ले लीजिए थोड़ी देर के लिए, यहां कार्यवाही नहीं हो रही है। सरकार इस योजना को जल्दी से जल्दी कार्यान्वित करे और क्या सरकार इसके लिए कोई एक डेड लाईन मुकर्रर कर रही है। जिस रफ्तार से इरीगेशन का काम होता है वह तो एक प्रतिशत प्रति वर्ष के हिसाब से हो रहा है जैसे कि मैंने कहा 30% हुआ है इस प्रकार से सेंट परसेंट करने के लिए एक सौ साल लगेंगे। 1947 में देश आजाद हुआ और 2047 में जा कर इरीगेशन के मामले में सिचाई के मामले में हम सेल्फ डिपेंडेंट बनेंगे। कुछ ऐसे लग रहा है। यह बहुत दुख की बात है जब और बातों में थोड़ा मैं मान सकता हू कि हम बाहर के देशों का मुकाबला करने लग गये हैं एटारटिका में जाएँगे सेटेलाइट वगैरह यह सब थोड़ी देर के लिए है लेकिन खेती पर सिचाई पर जिस पर आबादी का बहुमत भाग निर्भर करता है उसके प्रोजक्टस में क्यों आप देर कर रहे हैं, स्पीड अप नहीं कर रहे यह आप बताएं। आपने अपने वक्तव्य में यह बताया है कि बिहार में 21 में से 19 जिलों में सूखे की स्थिति है, आप जरा उनके नाम बतावें।

**श्री उपसभापति** : इसको छोड़िए।

**श्री शिव चन्द्र झा** : आपको भी उतनी ही मुहब्बत बिहार से है। दक्षिण बिहार तो आपका मोटे तौर पर परमानेंट सुखाड़ एरिया है। उसको हरा बनाने में, सन

47 के वक्त में हो सकता था यह कौन से जिले हैं दरभंगा, मधुबनी, सहरसा, चम्पारन यह सब के सब चपेट में हैं।

**राव वीरेन्द्र सिंह :** यह सब नाम आ गये हैं 19 जिलों में।

**श्री शिव चन्द्र झा :** बिहार सरकार ने क्या आपको खाद्यान्न के लिए नहीं लिखा है। और क्या आपने भेजा है ?

**श्री उपसभापति :** उस पर तो जवाब दे चुके हैं।

**श्री शिव चन्द्र झा :** बिहार का नहीं बताया है, सात करोड़ रुपया जो बताया है वह यू० पी० के बारे में बताया है। बिहार सरकार ने लिखा है इनको लेकिन यह फूडग्रेस नहीं दे रहे हैं (**व्यवधान**) कार्पुरी ठाकुर की सरकार वहां नहीं है, कांग्रेसी सरकार है, जगन्नाथ मिश्रा की सरकार है। वे मांग रहे हैं लेकिन आप उसकी पूर्ति नहीं कर रहे हैं। कितना आप दे रहे हैं? अभी आपने बताया कि फार्मर्ज के लिए हमने कितना पैसा दिया है। लेकिन मेरा कहना यह है कि जो पुराने लोंस है उनका रियलाइजेशन पहले बन्द हो, नहीं तो जब भी बैंकों के अफसर और कर्मचारी दौड़ते हैं पुराने लोन के रियलाइजेशन के लिए तो किसान दे नहीं सकते हैं। क्योंकि यहां से आपका आदेश होता है इसलिए पुराने लोन का रियलाइजेशन तुरन्त बिल्कुल बन्द हो। यह देहातों में हो जाता है। जब हम लोग जाते हैं तो कर्मचारी लोग दौड़-धूप करने लगते हैं, क्या आपकी ओर से कोई ऐसा आदेश गया है जिससे पुराने लोन का रियलाइजेशन बिल्कुल बन्द हो खास कर के बिहार में।

